प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.09.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 912 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र : कहा– अगले 6 महीनों में देंगे एक लाख से अधिक युवाओं को नौकरी।
- मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा में दो दिवसीय प्रेरणा विमर्श–2026' के समापन समारोह को किया सम्बोधित : महिलाओं की गरिमा की रक्षा को बताया सरकार की प्राथमिकता।
- केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मेरठ में भारतीय वायुसेना के एयर–शो में हुये शामिल : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहा देश।
- प्रदेश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर निर्देश जारी : पैक्ड खाद्य पदार्थों पर अब वास्तविक विनिर्माण तिथि अनिवार्य।
- वाराणसी में यूपी एटीएस ने 30 लाख के इनामी नक्सली बृजेश गंझू को किया ढेर : 20 साल से था फरार।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 912 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरी के लिये चयन प्रक्रिया पारदर्शी हो, राज्य सरकार इस तरफ गंभीरता से ध्यान दे रही है, ताकि लोगों में सरकार के प्रति विश्वास कायम रहे। बाइट...

*जब किसी योग्य अभ्यर्थी का चयन स्वच्छता पूर्ण तरीके से पारदर्शी तरीके से किसी परीक्षा के माध्यम से संपन्न होता है तो चयन की प्रक्रिया एक केवल एक व्यक्ति के परिवार के लिए नहीं बल्कि शासन और कॉमन मैन के प्रति एक विश्वास का प्रतीक भी बनता है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है तो परिवर्तन खुद दिखाई देता है। प्रदेश में पिछले साढ़े नौ वर्ष में आया बदलाव इसका जीवंत उदाहरण है। श्री योगी ने कहा कि प्रतिभाशाली युवा जब यूपी की ताकत बनेंगे, तो प्रदेश नंबर–1 इकॉनामी के रूप में खुद को स्थापित करेगा। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में नए भारत के नए यूपी के रूप में अपना स्थान बनाएगा। मुख्यमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया और युवाओं को रोजगार दिये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार अगले छह महीनों में एक लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी देगी।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गौतमबुद्ध नगर जिले के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित प्रेरणा विमर्श–2026 के तहत उत्कर्ष नारी सम्मान और युवा स्वाभिमान समापन कार्यक्रम में में शामिल हुए। इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि महिलाओं की गरिमा की रक्षा और सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में पारदर्शी और व्यवहारिक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। प्रदेश में इस समय महिला वर्क फोर्स की भागीदारी पिछले नौ सालों के दौरान 12 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 37 प्रतिशत हो गई है। आगरा, काशी, गोरखपुर और लखनऊ में दुग्ध उत्पादक काम कर रहे हैं, इनमें चार लाख महिलायें जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा यूपी में चौबीस हजार से ज्यादा स्टार्टअप हैं इनमें आधे

महिलाओं के हाथ में हैं। नारी सशक्तिकरण के क्रम में राज्य सरकार डिजिटल इंटरप्रेन्योरशिप योजना के तहत न्याय पंचायतों में चार हजार महिला उद्यमियों को जोड़कर उन्हें ट्रेनिंग भी देगी।

_________

सेवा संकल्प अभियान की विशेष श्रृंखला में आज हम मेक इन इंडिया पहल के माध्यम से इस सोच को जमीन पर उतारने के एक उदाहरण की जानकारी दे रहे हैं। मेक इन इंडिया के अंतर्गत उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन पीएलआई योजनाओं के माध्यम से भारत में 20 लाख 41 हजार करोड़ रुपए से अधिक का उत्पादन हुआ है और 14 लाख 15 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। एक रिपोर्ट.....

*वर्ष 2014 में शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल ने भारत को एक वैश्विक विनिर्माण शक्ति में बदल दिया है। मेक इन इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड विजन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे आत्मनिर्भर भारत का मुख्य आधार बताया।*

*आज मेक इन इंडिया एक सशक्त ब्रांड बनकर उभरा है। मुझे इस बात का संतोष कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग सक्सेस में यूपी एक मजबूत पिलर के रूप में* भी उभर रहा है।

*काशी के बुनकर और कई पुरस्कारों से सम्मानित मोहम्मद यासीन ने बताया कि मेक इन इंडिया पहल से काशी की हस्तशिल्प और बनारसी साड़ियों को देश–विदेश में पहचान और बाजार मिला है मांग बढ़ने के कारण इससे जुड़े लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है।*

हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट को काफी बढ़ावा मिला है। इसकी वजह से बनारस में काफी टूरिस्ट वगैरह भी आ रहे हैं जो यहां की बनाई हुई साड़ियां और यहां के हैंडीक्राफ्ट की डिमांड करते हैं। *पर्यटन के साथ ही वाराणसी आज बनारसी साड़ियों के जरिए मेक इन इंडिया पहल के प्रमुख विकास इंजनों में से एक बन रही है। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

_________

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। इसी क्रम में आज केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मेरठ के मोहिद्दीनपुर न्यू इंटीग्रेटेड टाउनशिप में भारतीय वायुसेना के प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के एयर–शो में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और संकल्प का नतीजा है कि भारत रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है और रक्षा मंत्रालय भी नये तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बाइट....

*10–12 साल पहले रक्षा का एक्सपोर्ट मात्र 686 करोड़ था। आज 38,424 करोड़ का एक्सपोर्ट है और जो प्रधानमंत्री जी का संकल्प है स्वदेशी आत्मनिर्भर उस और भारत के का रक्षा मंत्रालय बढ़ा है और आज जो अद्‌भुत नजारा होगा तो हजारों हजार युवाओं को प्रेरणा 2047 विकसित भारत एक ही लक्ष्य है पूरे देश का। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने सपना देखा जब भारत अपनी आजादी के 100 साल मनाए और 100 साल कैसा होगा? वो ताकतवर भारत वो मजबूत भारत वो आत्मनिर्भर भारत वो स्वदेशी से ही वहीं प्रेरणा युवाओं में आएगी।*

एयर शो में राज्यसभा सांसद डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई और प्रदेश के मंत्री डॉक्टर सोमेंद्र तोमर भी शामिल हुए।

_________

सब्सिडी वाले रसोई गैस की बुकिंग के लिए एक अक्तूबर से आधार से जुड़ा बायोमीट्रिक प्रमाणन ज़रूरी होगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सब्सिडी वाला एलपीजी सिलेंडर केवल पात्र परिवारों को मिले। एक रिपोर्ट–

*पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य किसी भी पात्र परिवार को एलपीजी से वंचित करना नहीं है। जो ग्राहक पहले ही प्रमाणीकरण पूरा कर चुके हैं, उन्हें दोबारा यह कराने की ज़रूरत नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक कनेक्शन को आधार से सत्यापित उपभोक्ता से जोड़ने से सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए होने वाले दुरुपयोग को रोकने में मदद मिलेगी। बायोमेट्रिक आधार प्रमाणन सिलेंडर की डिलीवरी के समय वितरक के शोरूम पर या तेल विपणन कंपनियों के मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। सुपर्णा सेकिया के साथ शकील अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

प्रदेश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को सही जानकारी देने के लिए खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने पैक्ड खाद्य उत्पादों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। इसके मुताबिक, अब प्रदेश की भौगोलिक सीमाओं के अंतर्गत पैक किए जाने वाले खाद्य उत्पादों के पैकेज पर वास्तविक विनिर्माण तिथि दर्ज किया जाना अनिवार्य होगा। पैकिंग की तिथि को विनिर्माण तिथि के स्थान पर अंकित नहीं किया जा सकेगा।

यह निर्णय खाद्य विनिर्माण इकाइयों के हाल में किए गए विशेष निरीक्षणों के दौरान सामने आए तथ्यों के बाद लिया गया है।

———————

यूपी एटीएस ने आज वाराणसी में प्रतिबंधित नक्सली संगठन, तृतीय प्रस्तुति कमेटी–टीपीसी के सरगना बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह को मुठभेड़ में मार गिराया। लगभग 20 वर्षों से फरार चल रहे बृजेश गंझू पर झारखंड पुलिस और एनआईए ने 30 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। नक्सली बृजेश गंझू के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, रंगदारी, आगजनी, आपराधिक षड्यंत्र और लोकसेवकों पर हमले समेत 50 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। इसमें आम नागरिकों और पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले भी शामिल हैं और उसे 8 साल पहले एनआईए ने टेरर फंडिंग केस में वांटेंड घोषित किया था।

———————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग–2025 की मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को आगामी साक्षात्कार के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग आगामी 23 सितंबर से विशेष मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यक्रम कई चरणों में संचालित होगा। इसके माध्यम से अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की बारीकियों, व्यक्तित्व प्रस्तुतीकरण और आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों का उत्तर देने का अभ्यास कराया जाएगा।

———————

प्रदेश के कुछ जनपदों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले 2–3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना भी व्यक्त की है।

———————